लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10-25 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 270, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 14 अगस्त 2023

www.amritvichar.com

Page No : 05 Middle

अगस्त के अवशेष : विभाजन के मंजर में इंसानियत की तलाश

नई दिल्ली की कथाकार मंडली ने रिद्धिमा में नाटक का मंचन किया। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : कथाकार मंडली नई दिल्ली की ओर से रविवार को एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में अगस्त के अवशेष नाटक का मंचन किया गया।

नाटक 1940 के दशक में हिंदुस्तान की स्थिति पर आधारित है। इसमें कॉलेज के दो छात्र सुगरा (रानी सोनकर) और धरम (शशांक त्रिपाठी) की एक सुखद यात्रा का दुखद अंत है, जो विभाजन और बाकी सभी बाधाओं के बावजूद एक-दूसरे के प्यार में पागल हैं। साथ ही एक ऐसे आम आदमी बिशन सिंह (राहुल कुमार) की भी कहानी है, जिसकी सत्ता और राजनीति में कोई भूमिका नहीं थी, जो भारत- पाकिस्तान विभाजन की सभी तकलीफों और अराजकता के बीच बस अपने परिवार और अपनी जड़ों की ओर लौटने की तलाश में रह जाता है। शशांक चौरसिया, नीरज पॉल, योगेश कुमार, दीपक सोनकर, साहिल शर्मा, गौरव गुप्ता, रुद्र प्रताप सिंह, राजीव मैनी, गौरव शर्मा आदि ने सशक्त भूमिका निभाई। राहुल शर्मा, ध्रुव चौधरी, मधु शर्मा, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे। नाटक को राहुल शर्मा ने निर्देशित किया।